- **प्रदेश में प्रचंड गर्मी और तेज लू के असर से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विशेषज्ञों ने बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है।**
- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार भीषण गर्मी और हीटवेव से लोगों को राहत के लिए सभी इंतज़ाम कर रही है।**
- **प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र विभिन्न एजेंसियों ने अब तक 1 हजार 205 करोड़ रुपये की कीमत से अधिक की अवैध वस्तुएं और नकद राशि ज़ब्त की हैं।**
- **केन्द्र सरकार ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अंतर्राष्ट्रीय फर्ज़ी फोन कॉल रोकने के निर्देश दिये हैं।**

000

प्रदेश में प्रचंड गर्मी और तेज लू के हालात बरकरार हैं। भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों की दिनचर्या में बदलाव देखा जा रहा है। इन दिनों बाजारों और गलियों में दोपहर के समय लोगों की आवाजाही कम बनी हुई है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में जोधपुर, बीकानेर और कोटा संभाग के कई स्थानों पर तीव्र हीटवेव चली। वहीं कुछ स्थानों पर कल रात में भी गर्म लू चलती रही। सबसे ज्यादा 50 डिग्री सेल्सियस तापमान फलौदी में रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से 6 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस अधिक है। बाड़मेर में 48 दशमलव 8, जैसलमेर में 48, बीकानेर में 47 दशमलव 2, चूरू में 47, फतेहपुर में 46 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। वहीं राजधानी जयपुर में पारा 43 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज गर्मी और लू के बावजूद सीमा के प्रहरी अपने जिम्मेदारी को पूरी मुस्तैदी से निभा रहे हैं।

...............

हनुमानगढ़ में तेज गर्मी और लू का दौर जारी है। चिकित्सा विभाग की ओर से जिले में ड्राई डे मनाया गया। इस दौरान विभाग के कर्मचारियों ने मच्छर नियंत्रण के लिए आमजन से अपने घरों में रुके हुए पानी को समाप्त करने की अपील की। सवाईमाधोपुर में भीषण गर्मी से बचाव के लिए सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर कई प्रयास किये जा रहे हैं। जैसलमेर जिले में तेज गर्मी और लू की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। बाड़मेर में नगर परिषद की ओर से आमजन को गर्मी से राहत देने के लिए कई स्थानों पर तम्बू लगाये गये हैं और पीने के पानी की व्यवस्था की गयी है। परिषद की ओर से शहर की सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

उधर, बांसवाड़ा में दिनभर तेज गर्मी के बाद शाम को बादल छाने और ठंडी हवा चलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली। सलूम्बर जिले में आज दोपहर बाद मौसम में अचानक आए बदलाव के बाद हल्की बारिश हुई। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...............

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले दो दिनों में बीकानेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ स्थानों पर तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक बढोतरी होने का पूर्वानुमान है। वहीं बीकानेर और जोधपुर संभाग में तेज लू का दौर अगले दो–तीन दिन तक जारी रहने की संभावना है। केन्द्र ने कल से तीन दिनों के दौरान जोधपुर, बीकानेर, अजमेर और जयपुर संभाग में आंधी चलने की संभावना जताई है। कृषि विभाग ने तेज गर्मी को देखते हुए किसानों से जायद और नरमा कपास की फसलों को बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। कृषि विज्ञान केन्द्र ने मुर्गी पालको को भी गर्मी को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करने की सलाह दी है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार भीषण गर्मी और हीटवेव से लोगों को राहत देने के लिए सभी इंतजाम सुनिश्चित कर रही है। आज जयपुर के सेन्ट्रल पार्क में पत्रकारों से बातचीत में श्री शर्मा ने कहा कि पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए भी सभी कदम उठाये जा रहे हैं।

................

वहीं, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सक डॉ. पुनीत चतुर्वेदी ने लोगों को तेज गर्मी से एहतियात बरतने की सलाह दी है।

000

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल वी.के. सिंह आज दौसा के मेहंदीपुर बालाजी धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सपरिवार बालाजी महाराज के दर्शन और पूजा अर्चना की। उन्होंने देश में खुशहाली की कामना की।

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अलग–अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, फ्रीबीज और अवैध नकद राशि के रूप में 1 हजार 205 करोड़ रूपए की कीमत से अधिक की जब्तियां की हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर अलग–अलग एजेंसियां कड़ी निगरानी रख रही हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च से अब तक पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 1 हजार 100 करोड़ रुपये से ज्यादा है। एक मार्च से अब तक राज्य के 12 जिलों में 40–40 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं और नकदी जब्त की गई हैं।

000

लोकसभा चुनाव की चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैयारियां तेज हो गयी हैं। दौसा में मतगणना की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। मतगणना स्थल पीजी कॉलेज दौसा में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने की। उन्होंने मतगणना कार्य से जुडे प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारियों से सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने मतगणना के दिन पार्किंग व्यवस्था, मोबाइल संग्रहण व्यवस्था तथा गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए माकूल व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

000

केन्द्र सरकार ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अंतर्राष्ट्रीय फर्ज़ी फोन कॉल रोकने के निर्देश दिए हैं। संचार मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल फोन नम्बर दिखाकर अंतर्राष्ट्रीय फर्ज़ी फोन कॉल कर रहे हैं। इन फोन कॉल से साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी की जा रही है। दूरसंचार विभाग के साथ मिलकर दूरसंचार सेवा प्रदाता ने अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों को पहचानने और उन्हें किसी भी भारतीय दूरसंचार ग्राहक तक पहुंचने से रोकने में मदद करने के लिए एक प्रणाली तैयार की है। दूरसंचार विभाग के निर्देशों के अनुसार भारतीय लैंडलाइन नंबरों के साथ आने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों को दूरसंचार सेवा प्रदाता पहले से ही ब्लॉक कर रहा है। मंत्रालय ने कहा कि अब दूरसंचार सेवा प्रदाता को ऐसी अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

000

आईपीएल क्रिकेट के फाइनल मैच में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला कोलकाता नाइटराइडर्स से होगा। चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाने वाला ये मैच शाम साढे सात बजे से शुरू होगा। मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में उल्लास का माहौल है। दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गये 27 मुकाबलों में से 18 में कोलकाता ने और 9 में हैदराबाद की टीम ने जीत हासिल की है। कोलकाता नाइटराईडर्स 17 सीजनों में से 3 बार फाइनल में पहुंची है और दो बार खिताब जीता है, जबकि सन राइजर्स हैदराबाद की टीम एक बार विजेता रही।

000

विधानसभा के अधिकारियों को विधायी कार्यों में अपडेट करने के लिए कल से प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो रहा है। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों को विधायी कार्यों में अपडेट करने के लिए विषय विशेषज्ञों से रूबरू कराया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि सोलहवीं विधानसभा के शुरू में विधायकों को विधानसभा के नियमों, विनियमों की जानकारी देने के लिए प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। विधान संबंधी कार्यों का अपडेट करने, कार्य क्षमता बढ़ाने और आधुनिक सूचना तकनीक से कार्य करने के लिए ये दो दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

000